शनिवार

03 जून, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज







केंद्रीय मंत्री अमित शाह घबराहट में हैं, इसलिए बार-बार आ रहे बिहार: तेजस्वी 2


# 2024 के चुनाव में विपक्ष एकजुट होकर बीजेपी को हरा देगा: राहुल

- वाशिंगटन के नेशनल प्रेस क्लब में राहुल गांधी ने कई सवालों के दिए जवाब
- लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ने के लिए हम संघर्ष कर रहे हैं, इसीलिए कुछ महीनों पहले पूरे भारत में यात्रा करने की सोची

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर हैं और बीजेपी पर लगातार हमलावर नजर हैं। राहुल गांधी ने वाशिंगटन में नेशनल प्रेस क्लब में कई सवालों के जवाब दिए और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी को सत्ता से हटाने के लिए विपक्ष के एकजुट होने पर भरोसा जताया।

राहुल गांधी ने कहा, मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 में बहुत अच्छा करेगी और लोगों को चौंका देगी। गणित लगा लीजिए, विपक्ष अपने दम पर एकजुट होकर बीजेपी को हरा देगा। राहुल



गांधी ने कहा कि भारत में विपक्ष एकजुट है, जमीन पर बहुत कुछ हो रहा है। ये सरकार के खिलाफ छिपा हुआ अंडरकरेंट है जो अगले चुनाव में लोगों को चौंका कर रख देगा। लोकसभा चुनाव में एक साल से भी कम समय बचा है और कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों के साथ लगातार बात कर रही है।

## संसद में अडानी-हिंडनबर्ग का मुद्दा उठाने की मिली सजा

भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत में समूचा विपक्ष संघर्ष कर रहा है। संस्थाओं पर कब्जा है। लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ने के लिए हम संघर्ष कर रहे हैं। इसीलिए कुछ महीनों पहले हमने पूरे भारत में यात्रा करने की सोची। वहीं राहुल गांधी ने संसद की सदस्यता के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर हमला बोला और कहा, चूंकि उन्होंने संसद में अडानी-हिंडनबर्ग का मुद्दा उठाया था, इसलिए बदले में उन्हें गिफ्ट (सजा) मिला है। राहुल गांधी ने कहा कि वह पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जिसे मानहानि के मामले में सबसे बड़ी सजा दी गई है। राहुल गांधी ने आगे कहा, किसी को भी अधिकतम सजा नहीं दी गई है, वह भी पहले अपराध पर। इससे यह साफ हो जाता है कि मेरे साथ क्या हो रहा है। संसद में अडानी के बारे में मेरे भाषण के बाद मुझे अयोग्य करार दिया जाना काफी दिलचस्प है।

## पहलवानों के समर्थन में बोले राहुल गांधी, 15 घिनौने आरोपों वाला सांसद प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा कवच में महफूज है

भारतीय कुश्ती संघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों का एक महीने से ज्यादा समय से विरोध जारी है। पहलवानों के समर्थन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा, 25 अंतरराष्ट्रीय मेडल लाने वाली बेटियां आज सड़कों पर न्याय की गुहार लगा रहीं हैं। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा 15 घिनौने आरोपों वाला सांसद प्रधानमंत्री के सुरक्षा कवच में महफूज है। राहुल गांधी ने पहलवानों की इस हालत का जिम्मेदार मोदी सरकार को ठहराया है।

**महिला पहलवान का आरोप... बृजभूषण ने यौन संबंध बनाने को कहा-** दिल्ली पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में एक महिला पहलवान ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। महिला पहलवान ने कहा कि उसने जिस दिन एक बड़ी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था, उसी शाम डब्ल्यूएफआई चीफ ने उसे अपने कमरे में बुलाकर उससे यौन संबंध बनाने को कहा। उसे उसकी इच्छा के खिलाफ अपने बिस्तर पर बैठाया और उसकी सहमति के बिना उसे जबरदस्ती गले लगाया।

**मोदी जी देश को बताएं कि आरोपी पर अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई: प्रियंका**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बृजभूषण को लेकर बीजेपी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने एक अखबार की रिपोर्ट शेयर करते हुए ट्विटर पर पीएम मोदी को टैग किया और उनसे सवाल करते हुए लिखा- नरेंद्र मोदी जी इन गंभीर आरोपों को पढ़िए और देश को बताइए कि आरोपी पर अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? बृजभूषण के खिलाफ 28 अप्रैल को दो एफआईआर हुई थी। दोनों में महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# मणिपुर के कई हिस्सों में शांति लोगों ने लौटाए 140 हथियार

- केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने लोगों से हथियारों को सरेंडर करने की अपील की थी
- लौटाए हथियारों में एसएलआर 29 एके 47, इंसास आदि शामिल

**एजेंसी/इंफाल**

पिछले कई दिनों से हिंसा के कारण जल रहे मणिपुर में अब धीरे-धीरे शांति बहाल होने लगी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे और उनकी अपील के बाद मणिपुर के अलग-अलग जगहों से लोगों ने 140 हथियारों को लौटा दिया है। शाह ने मणिपुर दौरे के दौरान हथियारों को सरेंडर करने की अपील की थी। मणिपुर पुलिस ने बताया कि सरेंडर किए गए 140 हथियारों में एसएलआर 29, कार्बाइन, एके, इंसास राइफल, इंसास एलएमजी, .303 राइफल, 9 एमएम पिस्टल, .32 पिस्टल, एम16 राइफल, स्मोक गन और आंसू गैस, स्थानीय निर्मित पिस्तौल, स्टन गन, संशोधित राइफल, जेवीपी और जेवीपी ग्रेनेड लांचर शामिल हैं।

## क्या कहा था शाह ने?

अमित शाह ने अपने दौरे के दौरान कहा था अगर सरेंडर नहीं किया तो एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने तीन दिनों तक हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया था. राज्य के कैबिनेट मंत्रियों समेत हर समुदाय के साथ उनकी बैठक हुई थी। इसके साथ ही गृहमंत्री ने सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की थी। उन्होंने कहा, अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। अब राज्य में स्थिति ठीक है। उनके इस बयान के बाद लोगों ने बड़ी संख्या में हथियार सरेंडर किए।

## खबरें फटाफट

### पुलिस के रवैये से दुखी राजद विधायक धरना पर बैठे

**हाजीपुर।** बिहार पुलिस के सिस्टम से लाचार होकर राजद के महुआ विधायक डॉ मुकेश कुमार रौशन शुक्रवार हाजीपुर कचहरी मैदान परिसर में एक दिवसीय धरना पर बैठ गए हैं। बीते दिन विधायक ने वैशाली पुलिस अधीक्षक से 24 घंटे के अंदर सदर थाने में तैनात थाना अध्यक्ष अश्मित कुमार के ऊपर विभागीय कार्रवाई करते हुए सस्पेंड करने की मांग की थी। बता दें कि, 24 घंटे बीत जाने के बाद कुछ कार्रवाई नही की गई थी। जिसके बाद अब विधायक धरने पर बैठ गए। विधायक ने आरोप लगाया कि शराब माफिया, बालू माफिया और भू माफिया से प्रशासन की सांठगांठ है। जब भी कोई पीड़ित व्यक्ति सदर थाने पर आवेदन लेकर जाता है बिना पैसा लिए प्राथमिकी दर्ज नहीं करते हैं।

### एनसीईआरटी ने पीरियोडिक टेबल का चैप्टर हटाया

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी ने क्लास 10 की नई किताबों से पीरियोडिक टेबल का पूरा चैप्टर, लोकतंत्र और विविधता, लोकतंत्र की चुनौतियों और राजनीतिक दलों के अध्याय हटा दिए हैं। इसको लेकर एनसीईआरटी ने एक बयान जारी कर कहा कि छात्रों पर पढ़ाई का बोझ कम करने के लिए कक्षा 10वीं की किताबों से तत्वों,लोकतंत्र, राजनीतिक दलों और लोकतंत्र की चुनौतियों के अध्याय हटाए गए हैं।

**सीएम ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा की**

# राज्य का हरित आवरण बढ़ाने के लिए तेजी से हो पौधरोपण: नीतीश

- मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा- पौधरोपण के लिए जो कार्ययोजना बनाई गई है उसे ठीक ढंग से कार्यान्वित करें
- हरियाली को बढ़ावा देने व जल संरक्षण के लिए योजनाबद्ध ढंग से किये जा रहे काम

**केटी न्यूज/पटना**




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा की और वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की बड़ी भूमिका है। विभाग नीतियों एवं प्राथमिकताओं के आधार पर बेहतर ढंग से कार्य करे और लक्ष्य के अनुरूप और तेजी से पौधारोपण कराएं। पौधरोपण के लिए जो कार्ययोजना बनाई गई है उसको ठीक ढंग से कार्यान्वित करें। पहाड़ी क्षेत्र के निचले भागों में जल संग्रहण के लिए जो जगह बनायी गयी हैं उन जगहों पर भी पौधारोपण कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार से झारखंड के अलग होने के बाद राज्य का हरित आवरण क्षेत्र 9 प्रतिशत रह गया था। वर्ष 2012 में हरियाली मिशन की शुरूआत की गई। 24 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया था जिसमें 22 करोड़ पौधे लगाए गए। बड़ी संख्या में पौधारोपण किए जाने से राज्य का हरित आवरण क्षेत्र 15 प्रतिशत तक पहुंच गया। राज्य का हरित आवरण क्षेत्र कम-से-कम 17 प्रतिशत तक हो जाए इसके लिए तेजी से पौधरोपण कराएं। उन्होंने कहा, वर्ष 2019 में जल- जीवन -हरियाली अभियान की शुरूआत की गई जिसमें हरियाली को बढ़ावा देने के लिए तथा जल संरक्षण के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम किये जा रहे हैं। राजगीर, गया और अन्य पर्वतीय क्षेत्रों में पौधारोपण के लिए बीज डाले गए जिससे वहां वृक्षों की संख्या बढ़ी और क्षेत्र हरा-भरा दिखता है। उन्होंने कहा कि बिहार में इको-टूरिज्म के विकास के लिए कई कार्य किए गए हैं। कई आकर्षक स्थलों को पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। हमने कई जगहों का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा है।

बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। बैठक में निदेशक, सामाजिक वाणिकी सी०पी० खंडूजा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जल - जीवन - हरियाली अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान 2023-24' के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 के लिए 433.93 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने वर्ष 2019-20 वर्ष 2020-21 वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 के तहत किए गए पौधारोपण की जानकारी दी।

बैठक में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक आशुतोष, निदेशक, सामाजिक वाणिकी सी०पी० खंडूजा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार में बढ़ता अपराध... वैशाली में नाबालिग लड़की के साथ पांच लड़कों ने किया गैंगरेप

- आरोपियों ने पीड़िता को कीटनाशक पिलाकर जान मारने की कोशिश की

**केटी न्यूज/वैशाली**

वैशाली में एक नाबालिग बच्ची के साथ 5 लड़कों द्वारा गैंगरेप किए जाने का मामला सामने आया है। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता को कीटनाशक पिलाकर मारने की कोशिश की। मामला बलिगांव थाना क्षेत्र के एक गांव का है। बताया जा रहा कि आरोपियों ने नाबालिग बच्ची से पहले के साथ पांच लड़कों ने पहले दुष्कर्म किया फिर उसे कीटनाशक दवा पिला दिया। परिजनों को जैसे ही बच्ची के बारे में पता चला तो उसे तुरंत ही इलाज के लिए पातेपुर अस्पताल लाया गया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही। उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना के विषय में बताया गया कि बच्ची देर रात बाथरूम जाने के लिए उठी थी। इसी बीच पांच की संख्या में आए आरोपियों ने बच्ची का मुंह दबाकर अपने साथ ले गए। आरोपी उसे पास के आम बगीचे में ले गए जहां सभी ने बारी-बारी से उसके साथ जबरदस्ती की। फिर उसे कीटनाशक दवा पिलाकर मौके से फरार हो गए। बच्ची किसी तरह अपने घर पहुंची और अपनी दादी को सारी घटना बताई। बताया जा रहा कि पीड़िता के माता-पिता पटना में रहते हैं। पिता गार्ड की नौकरी करते हैं। घटना की सूचना के बाद पिता तुरंत ही गाड़ी बुक करके घर पहुंचे और बली गांव थाना पुलिस को घटना की सूचना दी।






**पीएम मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के राजतिलक के 350 साल पूरे होने पर देशवासियों को किया संबोधित**

# शिवाजी महाराज ने खत्म की गुलामी की मानसिकता: मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के राजतिलक के 350 साल पूरे होने पर देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज ने गुलामी की मानसिकता खत्म की। शिवाजी महाराज ने हमेशा भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा। आज 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के विजन में शिवाजी महाराज के विचारों का ही प्रतिबिंब देखा जा सकता है।

पीएम मोदी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस नई चेतना, नई ऊर्जा लेकर आया है। छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक उस कालखंड का एक अद्भुत और विशिष्ट अध्याय है। राष्ट्र



कल्याण और लोक कल्याण उनकी शासन व्यवस्था के मूल तत्व रहे हैं। मैं आज छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में कोटि-कोटि नमन करता हूं।

## शिवाजी ने ही लोगों में जगाया था आत्मविश्वास

पीएम मोदी ने कहा, सैकड़ों वर्षों की गुलामी ने देशवासियों से उनका आत्मविश्वास छीन लिया था, ऐसे समय में लोगों में आत्मविश्वास जगाना एक कठिन कार्य था। उस दौर में छत्रपति शिवाजी महाराज ने न केवल आक्रमणकारियों का मुकाबला किया बल्कि जन मानस में ये विश्वास भी कायम किया कि स्वयं का राज संभव है।

**गुलामी के निशान से नौसेना को मुक्ति:** शिवाजी की शासन प्रणाली और नीतियों को आज भी प्रासंगिक बताते हुए पीएम मोदी ने उनकी सामरिक क्षमता की भी तारीफ की. पीएम ने कहा, शिवाजी ने भारत के सामर्थ्य को पहचान कर जिस तरह से नौसेना का विस्तार किया वो आज भी हमें प्रेरणा देता है। ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेकर पिछले साल भारत ने गुलामी के एक निशान से नौसेना को मुक्ति दे दी। अंग्रेजी शासन की पहचान को हटा कर शिवाजी महाराज की राज-मुद्रा को जगह दी है।

बता दें, 2 सितम्बर, 2022 को भारत सरकार ने नेवी के झंडे में बदलाव करते हुए इससे सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटा दिया था। नए झंडे में एक तरफ सत्यमेव जयते लिखा है, जबकि दूसरी तरफ एंकर बना हुआ है। ये शिवाजी महाराज की शाही मुहर है।

CMYK

# केंद्रीय मंत्री अमित शाह घबराहट में हैं, इसलिए बार-बार आ रहे बिहार: तेजस्वी

- आरा के दौरे पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण
- कोईलवर स्थित मानसिक आरोग्यशाला में स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के साथ की समीक्षा बैठक

**केटी न्यूज/आरा**





उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को आरा का दौरा किया। उन्होंने जिले में विभिन्न योजनाओं का निरिक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया। तेजस्वी यादव ने कोईलवर स्थित मानसिक आरोग्यशाला में स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने यहां की गतिविधियों और सुविधाओं का जायजा लिया। इससे पहले उन्होंने धरहरा से रेलवे स्टेशन भाया शीशमहल, शिवगंज पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। आरा समाहरणालय सभागार में डीएम राजकुमार,एसपी प्रमोद कुमार,सिविल सर्जन, डीडीसी, नगर आयुक्त, एडीएम समेत जिले के सभी अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के समीक्षा बैठक किया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने सरकार के योजनाओं को तेजी से धरातल पर लाने का निर्देश दिया। साथ ही गरीब तबके के लोग को हर संभव मदद और स्वास्थ्य विभाग को कमियों को जल्द से जल्द सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।

वहीं उन्होंने एक बार फिर से बीजेपी हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह घबराहट में हैं, इसलिए बार-बार बिहार आ रहे हैं। हम लोग बीजेपी के प्लान को समझ गए हैं कि वो क्या करना चाहती है। इसलिए पहले से ही सचेत हैं। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार की पहल पर विपक्षी पार्टियों गोलबंद हो गई हैं। कहा कि सत्ता में बैठे लोग देश को बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन बिहार में भाजपा को हम लोगों ने सबक सिखाने का काम किया है।

## भेलडुमरा निवासी इंटर छात्र हत्याकांड का खुलासा: गिरफ्तार किए गए दो आरोपी

# बहन के साथ छेड़छाड़ से नाराज तीन दोस्तों ने ही काटी थी छात्र की गर्दन

- हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार और छात्र का सिम कार्ड भी बरामद
- शौच के बहाने घर से बुलाकर ले जाने के बाद तीनों दोस्तों ने किया था कत्ल
- तीसरे दोस्त की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार कर रही छापेमारी

**केटी न्यूज/आरा**




मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेलडुमरा गांव निवासी इंटर के छात्र रवि कुमार की मर्डर मिस्ट्री की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है। बहन के साथ छेड़छाड़ से नाराज तीन दोस्तों द्वारा ही छात्र का कत्ल कर दिया गया था। उसमें दो दोस्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल धारदार हथियार (लोहे का दाब) और छात्र के मोबाइल का सिम कार्ड भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार कातिल दोस्तों में भेलडुमरा गांव निवासी रोहित कुमार और प्रिंस कुमार शामिल हैं। दोनों द्वारा अपना गुनाह भी कबूल कर लिया गया है। हालांकि तीसरा दोस्त सूरज अभी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका है।

एसपी प्रमोद कुमार द्वारा शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि पूछताछ में रोहित कुमार और प्रिंस कुमार द्वारा अपने एक अन्य दोस्त सूरज कुमार के साथ मिलकर हत्या करने की बात स्वीकार की गयी है। एसपी के अनुसार रोहित ने बताया कि तीनों रवि कुमार के दोस्त थे। उस नाते रवि कुमार का सभी के घर आना-जाना लगा रहता था। उस दौरान रवि कुमार प्रिंस कुमार की बहन के साथ छेड़छाड़ करता रहता था। मना करने पर भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। उसके बाद प्रिंस कुमार ने अपने दोस्त रोहित और सूरज कुमार के साथ मिलकर रवि की हत्या की साजिश रची। उसी के तहत तीनों शनिवार की शाम शौच के बहाने रवि को बुलाकर ले गये। उसके बाद धोखे से धारदार हथियार दाब से गर्दन काट कर उसकी हत्या कर दी गयी। उन्होंने बताया कि फरार सूरज कुमार की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### मोबाइल सीडीआर के जरिए कातिलों तक पहुंची पुलिस

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि छात्र रवि कुमार की हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए छानबीन और अपराधियों की गिरफ्तारी को एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। जांच में जुटी टीम की ओर से छात्र के मोबाइल की सीडीआर को खंगाला गया। उसमें रोहित कुमार का नंबर मिला। उस आधार पर टीम द्वारा रोहित के घर छापेमारी की गयी, तो रवि का सिम बरामद किया गया। उसके बाद रोहित कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी। उसमें रोहित द्वारा हत्या की पूरी कहानी बयां की गयी। उसकी निशानदेही पर ही प्रिंस कुमार के घर छापेमारी की गयी। उस दौरान उसके घर से हत्या में इस्तेमाल दाब बरामद किया गया। उसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में मुफस्सिल थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह और डीआईयू के अफसर शामिल थे।

### शनिवार को घर से निकले छात्र का अगले दिन मिला था शव

भेलडुमरा गांव निवासी छात्र रवि कुमार गत शनिवार की शाम घर से निकला था?। रविवार की सुबह उसका शव भेलडुमरा और सारंगपुर गांव के बीच खेत से बरामद किया गया। उसकी गर्दन के पिछले हिस्से में धारदार हथियार से काटे जाने का निशान मिला है। पूरा चेहरा खून से लथपथ था। मृत छात्र भेलडुमरा गांव निवासी साजन प्रसाद उर्फ कलेक्टर प्रसाद का 19 वर्षीय पुत्र रवि कुमार था ।उसका मोबाइल भी गायब था। तब छात्र के परिजनों द्वारा दोस्तों पर रवि को घर से बुलाकर ले जाने और हत्या करने का आरोप लगाया गया था।

## बारात में डांसर से छेड़छाड़, विरोध करने पर दूल्हा समेत पांच लोगों की पिटाई

**आरा।** भोजपुर के धोबहा ओपी क्षेत्र के मानपुर गांव में गुरुवार की रात बारात में नाच को लेकर उपजे विवाद के बाद जमकर बवाल मचा। स्टेज पर चढ़कर डांसरों से छेड़छाड़ का विरोध करने पर बारातियों और सारातियों में भिड़ंत हो गयी। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। उस दौरान दूल्हा और उसके भांजों समेत पांच बारातियों की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी गयी। उसमें सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है।

घायलों में कोईलवर थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी दूल्हा ज्योतिष ठाकुर, संदेश थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी नवरतन ठाकुर और दूल्हे के भांजा नीरज कुमार, भगवान ठाकुर, अनिल कुमार एवं उसी गांव के मो. जहीर कुरैशी का पुत्र बबलू कुरैशी शामिल है। डांसरों से छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लड़की के भाई और उसके दोस्तों पर लगाया जा रहा है। दूल्हा और अन्य रिश्तेदारों के अस्पताल जाने के बाद अन्य बाराती भी लौट गये। शादी की रस्म अधूरी रह गई। लड़का पक्ष के लोगों के आक्रोश को देखते हुए पूरी रात मान-मनौव्वल का दौर चलता रहा। बाद में रिश्तेदारों और पुलिस की पहल पर शुक्रवार की सुबह मंदिर में शादी होने की बात कही जा रही है।

# भोजपुर में विषैले सांप के डसने से तीन साल की बच्ची की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के पद्मिनीया गांव में शुक्रवार की दोपहर विषैले सांप के डसने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा।

जानकारी के अनुसार मृत बच्ची कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के पद्मिनीया गांव निवासी राकेश यादव की 3 वर्षीया पुत्री लुली कुमारी है। इधर मृत बच्ची के चाचा रोहित यादव ने बताया कि उसकी मां घर में थी और वह घर के बाहर दरवाजे पर खेल रही थी। उसी दौरान उसे विषैले सांप ने डस लिया। जिसके बाद वह चिल्ला कर रोने लगी। उसके रोने की आवाज सुनकर उसकी मां कमरे से बाहर आई और उसने देखा कि एक साँप वहां से जा रहा है। जिसके बाद उसने हम लोगों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराये ही वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृत बच्ची अपने तीन बहनों में दूसरे स्थान पर थी। मृत बच्ची के परिवार में मां रेखा देवी व दो बहन प्रीति एवं छोटी है।

# तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार चचेरे भाइयों को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा अस्पताल में भर्ती

**केटी न्यूज/आरा**



आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के मनभावन मोड़ के समीप शुक्रवार की सुबह बेलगाम पिकअप ने बाइक सवार चचेरे भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक कि घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। घटना के बाद चालक मौके से पिकअप छोड़ फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही कोईलवर थाना इंचार्ज ने अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं पुलिस ने मौके से उक्त पिकअप को भी जब्त कर लिया है। इसके बाद परिजन द्वारा जख्मी युवक को इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार मृतक पटना जिला के दीघा निवासी पुलिस राय का 26 वर्षीय पुत्र राहुल राय है। जबकि जख्मी उसी जगह के निवासी स्व. लाल बाबूराम का 20 वर्षीय पुत्र व मृतक का चचेरा भाई हाकिम कुमार है। इधर मृतक के पिता पुलिस राय ने बताया कि उनके पट्टीदार रंजीत राय के पुत्र गोलू राय का बारात चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव आया था। जिसमें सभी लोग शामिल होने के लिए आए थे और उनका पुत्र अपने चचेरे भाई हाकीम के साथ बाइक से आया था। शुक्रवार की सुबह जब दोनों बाइक से पटना लौट रहे थे। उसी दौरान मनभावन मोड़ के समीप पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## एमडीए अभियान को लेकर जिला फाइलेरिया विभाग की तैयारी शुरू, 19 जून से होगा जिले में नाईट ब्लड सर्वे

# एमडीए अभियान के तहत रोहतास जिले में खिलाई जाएंगी 3 दवाएं

**केटी न्यूज/सासाराम**

फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन को लेकर आगामी 10 अगस्त से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान को लेकर रोहतास जिला फाइलेरिया विभाग में तैयारियां शुरू कर दी है। 10 अगस्त से इस बार बिहार के 14 जिलों में एमडीए अभियान होने वाला है जिसमें रोहतास जिला भी शामिल है। एमडीए अभियान के तहत इस बार रोहतास जिले में 3 दवाओं का सेवन करवाया जाएगा। जिसमें डीइसी एवं एल्बेंडाजोल के अलावा आइवरमेक्टिन की खुराक भी दी जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति से मिले दिशा निर्देश के आलोक में तैयारियां शुरू कर दी गई है। राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा जारी प्रस्तावित गतिविधियां और समय के अनुसार जिला फाईलेरिया विभाग ने गतिविधियों



के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। जिला फाइलेरिया विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 6 जून को पटना में आयोजित नाईट ब्लड सर्वे के लिए मास्टर ट्रेनिंग को लेकर दो लैब टेक्नीशियन को भेजा जा रहा है। मास्टर ट्रेनिंग के बाद दोनों लैब टेक्नीशियन प्रखंड स्तर पर सभी लैब टेक्नीशियन को ट्रेनिंग प्रदान करेंगे। उसके बाद आगामी 19 से 24 जून तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में नाईट ब्लड सर्वे अभियान चलाया जाएगा। नाइट ब्लड के बाद जारी रिपोर्ट के अनुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों में सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जाएगा।

**माइक्रो फाइलेरिया दर 1 प्रतिशत से अधिक होने पर संचालित होगा सर्वजन दवा सेवन अभियान:** वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी जय प्रकाश गौतम ने बताया कि फाइलेरिया यानी हाथी पांव एक गंभीर बीमारी है। यदि एक बार किसी व्यक्ति को हो गया तो उसे ठीक नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी में व्यक्ति का पांव हाथी पैर के समान हो जाता है इसलिए इसे हाथीपांव कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी का लक्षण 10 से 12 वर्षों के बाद दिखाई देता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। यदि समय से पहले हम लोग इसका जांच करवाएं और अभियान के दौरान दवा खाएं तो इस बीमारी को रोका जा सकता है। जेपी गौतम ने बताया कि इस बीमारी को रोकने के लिए लगातार चार से पांच अभियान तक दवा का सेवन किया जाए तो इस बीमारी को रोका जा सकता है। इसलिए अभियान के तहत दी जाने वाली दवा का सेवन जरूर करें ,क्योंकि कुछ दवाई ऐसी है जो बाजार में उपलब्ध नहीं होती है वह सिर्फ अभियान के तहत ही लोगों को खिलाई जाती है।

**नाईट ब्लड सर्वे जरूरी:** जिला वेक्टर बोर्न डिजीज नियंत्रण पदाधिकारी सह सीडीओ डॉ राकेश कुमार ने बताया कि यह फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है और इस बीमारी के परजीवी किसके शरीर में मौजूद है किसी को नहीं पता है इसकी जानकारी सिर्फ नाईट ब्लड सर्वे के माध्यम से ही लगाया जा सकता है, क्योंकि इस बीमारी के परजीवी रात्रि में ही सक्रिय होते हैं और उसी दौरान इसकी जांच करके पता किया जा सकता है।

## एक नजर

### जमीन के विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, आधा दर्जन लोग घायल

**जहानाबाद।** घोसी थाना क्षेत्र के साहोविगहा गांव में जमीन को लेकर विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान जमकर हुई मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को घोसी पीएसी में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में शुक्रवार की शाम कहासुनी होने लगी। देखते-ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में लाठी एवं ईट पत्थर चलने लगे। जिसमें एक पक्ष के कारी देवी, चंदन यादव, रुपेश यादव, सुरेंद्र यादव समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इस घटना की सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को दी गई। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच में जुट गई है। इस घटना में शामिल सुरेंद्र यादव का कहना है कि मैं कई वर्षों से मकान बनाकर रह रहा हूं। मेरे ही गोतिया ने कुछ दिन पूर्व उस जगह पर मकान बनाया है और मेरे जमीन पर कब्जा करना चाहता है। इसी को लेकर मारपीट की घटना हुई है। ज्ञात हो कि जमीनी विवाद में लगातार मारपीट की घटना हो रही है। जबकि हर शनिवार को सरकार के निर्देश पर थाना परिसर में जमीनी विवाद निष्पादन हेतु जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, लेकिन जनता दरबार में सही ढंग से जमीनी विवाद का निष्पादन नहीं होने के कारण मारपीट की घटना बढ़ रही है।

### हुलासगंज में डायन बताकर महिला को पीटा, गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती

**जहानाबाद।** आधुनिकता के इस दौर में अंधविश्वास की जड़ें अब भी समाज में कितनी गहरी जमी हैं, इसका नजारा जिले में देखने को मिला। यहां कड़े कानून के बाद भी महिलाओं पर अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामला हुलासगंज थाना क्षेत्र के डिहुरी-मठ गांव का है, जहां एक महिला पर डायन का आरोप लगाकर उसकी जमकर पिटाई कर दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला लगातार कराह रही है। पीड़िता राखी देवी डिहुरी-मठ गांव निवासी दीनानाथ प्रसाद की पत्नी बतायी जाती है। बताया जाता है कि उनके गोतिया में एक व्यक्ति लंबे समय से बीमार है। उस परिवार के लोगों द्वारा राखी देवी पर यह आरोप लगाया जा रहा था कि वह डायन है और वह उसे खा जाएगी है। बुधवार की रात भी यही कहते हुए उसके ही गोतिया के लोग रात में घर पर आ धमके और महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। किसी तरह गांव के अन्य लोगो ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित महिला ने बताया कि डायन का आरोप लगाकर गांव के ही लोगो रात में घर मे घुस कर मुझे लाठी-डंडे और लोहे के रॉड से बुरी तरह पीट पीटकर अधमरा कर दिया। हालांकि अभी तक पीड़ित महिला ने थाने में शिकायत दर्ज नही कराई है। इधर हुलासगंज थानाध्यक्ष ने ऑफ कैमरा बताया कि मामले की जानकारी नही मिली है और नही अभी तक इस संबंध में पुलिस को कोई आवेदन मिला है। शिकायत आवेदन मिलने के बाद पुलिस इसके आलोक में त्वरित कार्रवाई करेगी।

### जनता दरबार में आए 81 परिवाद, डीएम ने मामलों के निष्पादन का दिया निर्देश



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के आमजनों के परिवादों को सुना गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी के जनता दरबार में लगभग 81 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत विभाग, धान अधिप्राप्ति, आईसीडीएस सहित अन्य कार्यालयों से संबंधित थे। परिवादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त परिवाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया एवं कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

### बिहार में प्रदेश कांग्रेस सेवा दल होगा मजबूत, हर प्रमण्डल में लगेंगे प्रशिक्षण शिविर

**जहानबाद।** बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के पटना प्रमण्डल का तीन दिवसीय प्रमण्डल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ पटना के सदाकत आश्रम में शनिवार तीन जून से हो रहा है। बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक डॉ० संजय यादव ने बताया कि पटना प्रमण्डल के प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ० अखिलेश प्रसाद सिंह करेंगे, इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर एवं अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के बिहार प्रभारी मो अफरोज खान का भी मागर्दर्शन प्राप्त होगा। प्रशिक्षण तीन जून से पांच जून तक आयोजित पटना प्रमण्ड के प्रशिक्षण शिविर में पटना जिला के साथ साथ भोजपुर, कैमूर, बक्सर, रोहतास और नालंदा जिले के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### प्रधानमंत्री के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम को लेकर बनाई गई है कार्ययोजना: भाजपा



**जहानाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक शुक्रवार को की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय कुमार देव ने की। जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम को लेकर 3 जून से 30 जून तक कार्य योजना बनाई गई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम विकास तीर्थ, वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ भोजन पर चर्चा, वरिष्ठ व्यापारी सम्मेलन, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, विशाल जनसभा ,लाभार्थी सम्मेलन, संपर्क से समर्थन, योगा दिवस, मन की बात आदि कार्यक्रम हैं। सभी कार्यक्रम को सफल करने के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत राय, कार्यक्रम प्रभारी शैलेश कुमार ,जिला महामंत्री अनिल ठाकुर ,धीरज कुमार, जिला मंत्री बृजेश कुमार, विजय कुमार सत्कार, पुष्पा कश्यप, जिला कोषाध्यक्ष जेपी केसरी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रविंद्र पासवान , राम सुभग शर्मा आदि शामिल रहे।

## खबरें फटाफट

### सड़क दुर्घटना में पिकअप चालक पर दर्ज हुआ केस

**डुमरांव।** बुधवार को कोरानसराय थाना क्षेत्र के छलका पुल के पास पिकअप के धक्के से एक ई रिक्शा पुल के नीचे गिर गया था। इस दुर्घटना में मठिला निवासी राजेश कानू के इकलौते पुत्र जीतू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उसकी मां उषा देवी व बहन जख्मी हो गई थी। पुलिस ने मौके से दुर्घटना को अंजाम देने वाली पिकअप को जब्त कर लिया था। वही इस मामले में मृतक किशोर के पिता राजेश ने पिकअप नंबर बीआर 03जीबी 3760 के चालक पर एफआईआर दर्ज कराया हैं। पुलिस एफआईआर दर्ज कर चालक की पड़ताल में जुट गई हैं। बता दें कि किशोर अपनी मां व बहन के साथ लहना गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद ई रिक्शा से अपने गांव मठिला लौट रहा था। इसी दौरान छलका पुल के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ई रिक्शा में टक्कर मार दिया था।

### विधवा को नहीं मिला पारिवारिक योजना का लाभ

**केसठ।** प्रखंड के स्थानीय कतिकनार गांव की एक विधवा महिला को राष्ट्रीय पारिवारिक योजना का लाभ नहीं मिलने का मामला प्रकाश में आया है। विधवा गुलजारो देवी का कहना है कि मेरे पति की मृत्यु कुछ माह पूर्व दिल का दौरा पड़ने से हो गई थी। महिला ने पंचायत मुखिया छ्ठु राम और पंचायत सचिव सुरेंद्र पर आरोप लगाते हुए बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा के पास फरियाद ले कर पहुंची। महिला ने कहा कि एक माह से मुखिया और पंचायत सचिव द्वारा रोजाना कुछ ना कुछ बहाना कर टाल दिया जा रहा है। गौरतलब हो कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार के मुखिया के जीविकोपार्जक (पुरुष या महिला) सदस्य की मृत्यु हो जाने के उपरांत 20 हजार रुपए की आर्थिक सहयोग भारत सरकार के द्वारा दी जाती है।

# 42 डिग्री के पार पहुंचा पारा... भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण लोगों का हाल-बेहाल

### गर्मी से सड़कें वीरान

**केटी न्यूज/डुमरांव**



गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है। तल्ख धूप व बदन को झुलसा देने वाली पछिया हवा के कारण हर दिन तापमान बढ़ते जा रहा हैं। शहर में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री रहा। मौसम की इस तल्खी से दोपहर में सड़कों पर लोग गर्मी से बचाव करते नजर आये। शहर में भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया हैं। लू चलने से दोपहर के समय तो लोग घरों में दुबके रहने पर मजबूर हो रहे हैं। मौसम के इस तेवर के कारण सुबह 9 बजे के बाद सड़के वीरान हो जा रही हैं।

भीषण गर्मी के इस मौसम में लोगों की दिनचर्या पूरी तरह से बदल गयी है। सुबह व शाम के समय ही लोग घरों से बाहर निकल रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी ज्यादा होने के कारण उल्टी दस्त की बीमारियां भी बढ़ने लगती हैं। गर्मी बढ़ने के बाद ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करना चाहिए। भूखे पेट बाहर नहीं निकले। जहां तक हो सके शरीर को ढंक कर ही बाहर निकले। बढ़ते तापमान से परेशान लोग गर्मी से बचने के लिए कोल्ड ड्रिंक, लस्सी, गन्ना का जूस सहित नींबू का शरबत, इत्यादि ठंडी चीजें पीकर शरीर को ठंडक प्रदान कर रहे है।

डॉक्टर हिमांशु पांडेय का कहना है कि हाइड्रेट रहना वयस्कों और शिशुओं दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। जब हम प्यास महसूस करते हैं और उसे बुझाने के लिए पानी की बोतल पकड़ते हैं, तो बच्चे स्वयं इसका उपयोग नहीं कर पाते है। यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप बच्चों नियमित अंतराल पर पानी पिलाएं ताकि वे डिहाइड्रेशन से न जूझें। कोशिश करें और अपने शिशु को ढीले-ढाले और हल्के वजन के कपड़े पहनाएं। इसके अलावा, हमेशा ध्यान रखें कि अपने बच्चें के लिए खरीदारी करने के लिए जाते समय, आप हमेशा सांस लेने वाले कपड़े चुनें, जो कपास जैसे प्राकृतिक कपड़े से बने हों। सिंथेटिक कपड़ों की तुलना में सूती कपड़े बेहतर तरीके से पसीना सोखते हैं।

डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पसीना ज्यादा आता है, इसलिए शरीर को पानी की अधिक जरूरत पड़ती है। इसलिए डिहाइड्रेशन का शिकार बनने से अच्छा है कि दिन में 3 से 4 लीटर पानी जरूर पिएं और खुद को हाइड्रेट रखें। धूप में आप कितनी देर समय बिता रहे हैं, इस बारे में सचेत रहें। कई बार हम काम के चक्कर में भूल जाते हैं कि गर्मी और हम पर सीधी तौर पर पड़ धूप कितना नुकसान कर सकती है। जैसे जिन दिन गर्मी का पारा तेज है या ज्यादा उमस है उस दिन बाहर काम करने से बचें। अपनी त्वचा और शरीर को सूरज की तेज किरणों से बचाना न भूलें। गर्मी के मौसम में हमेशा हल्के और ऐसे कपड़े पहनें जिनमें सांस लेना आसान हो। इससे शरीर का सही तापमान बना रहेगा।

### चुनाव प्रचार में सुबह से देर रात तक तेज आवाज में बज रहे हैं लाउड स्पीकर

# लाउड स्पीकर व वाहनों के तेज हॉर्न बने लोगों के लिए सिरदर्द, प्रशासन बेफिक्र

- नगर निकाय के तीन पदों के लिए सैकड़ों की तादात में खड़े प्रत्याशियों द्वारा बड़े पैमाने पर लाउड स्पीकरों से करवाया जा रहा प्रचार

**केटी न्यूज/डुमरांव**





डुमरांव में इन दिनों लाउड स्पीकर और वाहनों के तेज हॉर्न शहरवासियों के लिए सिरदर्द बन गए हैं। अहले सुबह से देर रात तक लोगों को तेज व कर्कश आवाज सुनने को मजबूर होना पड़ रहा है। जबकि स्थानीय प्रशासन इस मामले में पूरी तरह से बेफिक्र है। जिस कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि डुमरांव में इन दिनों नगर परिषद का चुनाव हो रहा है। 9 जून को मतदान होगा। इसके पहले प्रत्याशी प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। नगर निकाय के तीन पदों के लिए सैकड़ो की तादात में खड़े प्रत्याशियों द्वारा बड़े पैमाने पर लाउड स्पीकरों से प्रचार करवाया जा रहा है।

सुबह से देर रात तक क्या मुख्य सड़क हो या गली मोहल्ले हर जगह बस जिंदाबाद के शोर सुनाई पड़ रहे हैं। इस शोरगुल से लोगों का दिन का चैन हराम हो गया है। प्रत्याशी अधिक से अधिक लोगों तक अपने संदेश को सुनाने के लिए लाडउ स्पीकरों का प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन यह उनके प्रचार माध्यम के साथ ही आम शहरी के लिए परेशानी का कारण बन गया हैं। खासकर नामांकन प्रक्रिया बीतने के बाद से ही प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार अभियान काफी तेज हो गया है। शहवासियों की मानें तो मुख्य पथों पर निरंतर प्रचार गाड़ी घुमते देखी जा रही हैं। जबकि गली मोहल्लों में एक प्रचार वाहन अभी निकला ही नहीं कि दूसरा आ जा रहा है। जिससे लोग परेशान हो चले है। सबसे अधिक परेशानी वैसे घरों में जिनके घर छोटे बच्चें, वृद्ध या कोई बीमार व्यक्ति है।

#### नियमों का नहीं हो रहा पालन

हालांकि जो प्रत्याशी अपना चुनाव प्रचार लाउड स्पीकर से करवा रहे हैं वे बजाप्ते इसकी स्वीकृति प्रशासन से लिए हैं लेकिन प्रचार वाहन के चालकों को शायद नियमों का पता नहीं है। बता दें कि शहर में बड़ी संख्या में अस्पताल व स्कूलों का संचालन होता है, जहा तेज आवाज में हॉर्न या लाउड स्पीकर बजाने पर पाबंदी होती है। लेकिन इसका अनुपालन नहीं हो पा रहा हैं।

#### वाहनों के कर्कश आवाज भी है परेशानी के कारण

ऐसा नहीं कि शहर में सिर्फ प्रचार अभियान वाले वाहनों के लाउड स्पीकरों से ही ध्वनि प्रदूषण फैल रहा हैं। बल्कि शहर में हर दिन चलने वाले हजारों छोटे बड़े वाहनों में कई ऐसे है जो श्रव्य क्षमता से अधिक का आवाज उत्पन्न करते है। जिस कारण सड़क के किनारे रहने वाले लोगों तथा दुकानदारों को परेशान होना पड़ता है।

#### तेज ध्वनि सुनने से होती है कई बीमारियां- डॉ विनीश

शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ विनीश कुमार ने बताया कि 60 डेसीबल से अधिक क्षमता के आवाज सुनने स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि तेज आवाज सुनने से बेचैनी, थकान महसूस होना, नींद नहीं आना जैसी बीमारियां होती है। वहीं लगातार तेज आवाज सुनने वालों को कान से कम सुनाई देना या बहरापन जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इससे यादाश्त या एकाग्रता में कमी, अवसाद, नपुंसकता तथा कैंसर जैसी बीमारियां भी हो सकती हैं। ऐसे में मुख्य सड़कों पर लगातार बज रहे लाउडस्पीकर और तेज हार्न लोगों को बीमार कर सकती है।

## एक नजर

### वृंदावन धाम में स्थापित हुआ श्री त्रिदंडी स्वामी प्रतिवाद भयंकर राधा-माधव मंदिर



**बक्सर।** भगवान की लीला भूमि वृंदावन में बक्सर वाले त्रिदंडी स्वामी जी के नाम से नया मंदिर स्थापित हो गया है। इसका नाम दिया गया है श्री त्रिदंडी स्वामी प्रतिवाद भयंकर राधा-माधव मंदिर। एक जून को पूज्य सन्यासी संत जीयर स्वामी जी महाराज ने लोगों के दर्शन के लिए दिन के ग्यारह बजे के लगभग मंदिर के पट खोले। इस मौके पर वृंदावन के कई संत महात्मा पधारे थे। इस पावन मौके के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु जो बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, दिल्ली व हरियाणा आदि जगहों से चलकर आए थे। सबकी मौजूदगी में स्वामी जी ने चतुर्भुज स्वामी को चादर ओढ़ाकर यहां का महंत घोषित किया। उनके अलावा उद्धव स्वामी महंथ पांडेयपुर मठिया, अयोध्या नाथ स्वामी महंत श्री त्रिदंडी देव समाधी स्थल बक्सर व अन्य संतों ने उन्हें चादर ओढ़ा नई जिम्मेवारी सौंपी। वृंदावन धाम में स्थापित यह मंदिर अटाला चुंगी के पास परिक्रमा मार्ग से सटे बना है। स्थानीय लोगों के अनुसार गोरे दाउ जी मंदिर के पास स्थित गौशाला रोड में नगर में धेनुका स्कूल के गेट नंबर दो के ठीक सामने यह मंदिर बना है।

### ब्रह्मपुर के नैनिजोर व पुरवा में भीषण अगलगी, एक दर्जन आशियाने व लाखों की संपति खाक



**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर अंचल के उत्तरी नैनीजोर के बड़की नैनीजोर पोखरा ढाला व निमेज पंचायत के पुरवा गांव में भीषण आगलगी की घटना हुई। इस घटना में एक दर्जन झोपड़ीनुमा घर, पांच गायें तथा एक व्यक्ति झुलसे हैं। जबकि लाखों की संपति भी जल गई हैं। खास यह कि अग्नि पीड़ितों में दो के घर हाल फिलहाल शादी होने वाली थी जिसके लिए बड़े पैमाने पर गहना, कपड़ा, अनाज तथा अन्य जरूरी सामानों को इकट्ठा किया गया था, जो इस अगलगी की भेंट चढ़ गए। मौके पर दमकल वाहन के देर से पहुंचने के कारण बड़ा नुकसान हुआ हैं। जानकारी के अनुसार बड़की नैनीजोर पोखरा ढाला के विक्रमा यादव के घर से शुरू हुई आग ने देखते ही देखते बीरेन्द्र यादव, भरत यादव, नंदजी यादव, बबन यादव, उपेन्द्र यादव, विनोद यादव व रीना देवी के आशियानें को खाक कर दिया। इनमें विक्रमा यादव की पांच गायें भी जल गई है। जिनमें तीन की मौत हो चुकी है, जबकि दो भी गंभीर रूप से झुलसी है। वही आग बुझाने के दौरान विक्रमा यादव भी झुलस गए है। जबकि बबन यादव के बेटी की शादी जुलाई में होनी थी। वे बेटी की शादी के लिए घर में गहना, कपड़ा तथा अन्य जरूरी सामान इकट्ठा किए थे। लेकिन अगलगी की घटना ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया है। वही अन्य पीड़ितो की भी लाखों की संपति खाक हुई हैं। वही निमेज पंचायत के पुरवा गांव के वीरेन्द्र यादव, सत्येन्द्र यादव व उपेन्द्र यादव के आशियाने अगलगी की भेंट चढ़े हैं। इनमें बीरेन्द्र यादव के बेटे की बारात 5 जून को ही जाने वाली थी। शादी के लिए बनवाए गए गहने, कपड़े समेत अन्य सामान भी जल गए है। ग्रामीणों की मानें तो नैनीजोर थाने में अग्निशमन की गाड़ी नहीं होने से आग पर जल्दी काबू नहीं पाया जा सका। डुमरांव तथा रघुनाथपुर से घंटो विलंब से पहुंची अग्निशमन की गाड़ियों ने सिर्फ राख बुझाने का काम किया।

### डुमरांव में सड़क किनारे पेड़ में लगी आग, कुछ देर के लिए ठप रहा वाहनों का आवागमन



**डुमरांव।** स्थानीय शहर के एनएच 120 सड़क स्थित टेढ़की पुल के समीप एक पेड़ में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी। पेड़ से धूं-धूं कर आग की लपटें उठने से सड़क पर गुजरने वाले वाहनों के रफ्तार पर ब्रेक लग गया। घटना शुक्रवार दोपहर की बतायी जाती है। लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पेड़ झुलसने के बाद मुख्य सड़क पर जा गिरा, जिससे एक घंटें तक आवागमन ठप रहा।

## दहेज में सिकड़ी, मोबाइल और भैंस नहीं मिलने पर मार दी गई मनीषा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



कोरानसराय में बुधवार की रात हुए विवाहिता मनीषा कुमारी की संदिग्ध मौत मामले में उसके पिता ने दहेज के लिए उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। कोरानसराय थाने में दिए आवेदन में मृतका के पिता मनोज पासवान ने उसके पति कामेश्वर पासवान, ससुर भुआली पासवान, सास के अलावे मानरूप पासवान, राजेश पासवान और रामबाबू पासवान पर अपनी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर तथा मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि वह पिछले वर्ष 20 मई को अपनी बेटी की शादी कोरानसराय के भुआली पासवान के पुत्र कामेश्वर पावान से हुई थी। शादी में 11 हजार रूपए नगद के अलावे कपड़ा, बर्तन के अलावे अपने सामर्थ्य के अनुसार कई अन्य सामान भी दिया था। लेकिन शादी के बाद जब मेरी बेटी ससुराल गई तो उसके ससुराल वाले दहेज में सिकड़ी की मांग करने लगे। हमलोगों ने गरीबी का हवाला दे कुछ दिन का समय देने को कहा। फिर वह रक्षाबंधन पर गांव आई थी। यहा से जाने के बाद ससुराल वाले फिर से सिकड़ी के अलावे एंड्रायड मोबाइल व भैंस की मांग करने लगे। नहीं देने पर अक्सर उसके साथ मारपीट करते थे।

## अपनों का क्रूर चेहरा... बड़े पापा की जान मारने की धमकी से घर छोड़ भागी 10 वर्षीय बच्ची, थानेदार ने पहुंचाया घर

- बच्ची के माता-पिता का हो चुका है निधन, बड़े पापा ही करते हैं परवरिश
- मुरार थाना की पुलिस ने बच्ची के बड़े पिता से बात कर उसकी सही से परवरिश करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/चौगाईं**



बड़े पापा के जुल्म से घर छोड़ निकली एक दस वर्षीय बच्ची को मुरार पुलिस ने घर पहुंचाया हैं। इसके पहले उसने पूरी रात मसर्हियां पुल पर गुजारी थी। सुबह में जब ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी और ग्रामीणों ने उसका परिचय पूछा तो उसने रोते हुए अपनी आपबीती बताई। मीडिया से मुखातिब दस वर्षीय जुही ने बताया कि उसका घर बगेन थाना क्षेत्र के भादा गांव में है। उसके माता पिता का निधन हो चुका है। उसके बड़े पिता ही उसका पालन करते हैं। गुरूवार को किसी बात से नाराज उन्होंने उसे फटकराई लगाई और जहर दे जान मारने की धमकी दी। इसी से डर वह घर से भाग गई। बच्ची ने बताया कि वह अपने बड़े पिता के बेटी के घर बैजनाथपुर गांव जाने वाली थी तथा रात मसर्हियां पुल पर बिताई। उसे डर भी लग रहा था। उसकी बातों पर भरोसा कर पहले तो ग्रामीण उसे लेकर बैजनाथपुर गए। लेकिन वहां उसकी बहन का घर नहीं मिला। इसके बाद लोगों ने उसे मुरार पुलिस के हवाले कर दिया। मुरार थानाध्यक्ष ने उसकी काउंसलिंग करने के बाद बगेन पुलिस के सहयोग से उसके बड़े पिता राम प्रसाद यादव को थाना पर बुलवा डांट फटकार कर तथा उसे सुरक्षित रखने का निर्देश दे उसे फिर से भादा भेज दिया।

**बच्ची ने लगाए थे गंभीर आरोप:** ग्रामीणों तथ मुरार पुलिस के समक्ष किशोरी ने अपने बड़े पिता पर गंभीर आरोप लगाए थे। किशोरी की मानें तो बड़े पिता ने कहा था कि तुम्हारे पिता जमीन नहीं दिए थे। तुमको जहर देकर मार देंगे। हालांकि उसके बड़े पिता ने उसके आरोपों को खारिज किया और बताया कि वह मामूली बात पर घर छोड़ भाग गई थी। हमलोग उसकी खोजबीन कर रहे थे, तभी सुबह में पुलिस के माध्यम से सूचना मिली कि वह मुरार पहुंच गई हैं।

**क्या कहते हैं मुरार थानाध्यक्ष:** इस संबंध में मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि किशोरी की काउंसलिंग की गई। उसके बाद उसके परिजनों को बुलवा उसे सुरक्षित घर भेज दिया गया। उन्होंने किशोरी को सुरक्षित थाना तक लाने वाले ग्रामीणों को धन्यवाद दिया और कहा कि यदि समाज के लोग सजग हो जाए तो अपराध को रोका जा सकता हैं।

### केविके में एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के तहत उर्वरक विक्रेताओं का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# मिट्टी की भौतिक, रासायनिक व जैविक दशा में सुधार जरूरी: डॉ अनूप दास

**केटी न्यूज/बक्सर**




कृषि विज्ञान केन्द्र बक्सर द्वारा किसानों को सहयोग तथा उन्हें उचित सलाह देने के लिए उर्वरक विक्रेताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। गुरूवार को 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत केवीके प्रांगण में की गई। जिसमें उर्वरक विक्रेताओं के ज्ञान वर्धन एवं कृषकों के सहयोग के लिए उन्हें कई आवश्यक जानकारियां दी जाएगी। वहीं प्रशिक्षण पूरा होने पर उन्हें केविके द्वारा प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण में जिले के 42 उर्वरक विक्रेता शामिल हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि सह केविके पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना के निदेशक डॉ अनूप दास, विभागाध्यक्ष डा उज्ज्वल कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी डा मनोज कुमार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पटना के प्रधान वैज्ञानिक डा नरेश चन्द्रा तथा प्रभारी प्रमुख हरिगोबिंद द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

आमंत्रित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रभारी प्रमुख हरिगोबिंद ने कृषि विज्ञान केन्द्र बक्सर द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों जैसे बीज उत्पादन, जैविक व प्राकृतिक खेती, जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम, आदि के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ अनूप दास ने समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व, मिट्टी की भौतिक, रासायनिक व जैविक दशा में सुधार तथा कार्बनिक पदार्थ की मात्रा को बढ़ाने, फसल चक्र को अपनाने एवं प्राथमिक, द्वितीयक व सूक्ष्म पोषक तत्वों का कृषि मे महत्व, आदि के बारे मे अवगत कराया।

डा उज्ज्वल कुमार ने पोषक तत्वों के प्रबंधन के लिए 4 सिद्धांतों के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। जिसमे सही स्त्रोत, सही मात्रा, सही समय तथा सही जगह पर पोषक तत्वों के उपयोग की जानकारी दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रशिक्षण से ज्यादा से ज्यादा सीखकर किसानों के हित मे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ नरेश चन्द्रा ने पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इस कार्यक्रम में किसान रत्न उदयनारायण राय, नीतु कुमारी, सरोज देवी, निर्मला कुमारी, विजय कुमार राम, सिपाही यादव, अभिषेक कुमार, चुनमुन सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे। केन्द्र के डा देवकरन, रामकेवल, डा मान्धाता सिंह, आरिफ परवेज, रवि चटर्जी, बुद्धप्रिय मौर्य समेत अन्य लोगों ने सहयोग किया।

## खबरें फटाफट

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के चिलकहर चट्टी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक की जहां मौत हो गई, वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। उधर मौत की सूचना गांव में पहुंचते ही परिजनों का रोते—रोते बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार एकौनी गांव निवासी हिमान्शु चौरसिया(27) पुत्र रमाशंकर चौरसिया और सूर्यजीत सिंह(25) पुत्र सत्यनारायण सिंह एक ही बाइक पर सवार होकर किसी काम से जिला मुख्यालय जाने के लिए घर से रवाना हुए। जैसे वे चिलकहर चट्टी के समीप पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहा तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिलकहर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गम्भीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान हिमान्शु की मौत हो गयी। जबकि सूर्यजीत की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### विषाक्त पदार्थ खाने से दो छह लोग अचेत

**बलिया।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शुक्रवार की दोपहर दो बजे तक विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से अचेता अवस्था में दो विवाहिताओं और चार किशोरियों को परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां 22 वर्षीय युवती की स्थिति चिकित्सकों द्वारा नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर महावल निवासी एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों से तंग आकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर अचेत हो गयी। परिजनों ने उसे उपचार के जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी ने आयोजित किया कार्यक्रम

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की तस्वीर ही नहीं तकदीर भी बदली: जायसवाल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

विगत नौ वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में देश में जो कार्य हुआ है, उससे सिर्फ देश कि तस्वीर ही नही, बल्कि देश कि तकदीर भी बदल गई है। यह बात शुक्रवार को केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पुर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 30 मई से 30 जून तक चलाए जा रहे महा अभियान मे निर्धारित जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कि अध्यक्षता में आयोजित प्रेसवार्ता कार्यक्रम में प्रदेश सरकार में मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कही।

उन्होंने कहा कि पूर्व कि सरकारों में कहा जाता था कि केंद्र से हम एख रुपया भेजते हैं, तो वह गरीबों तक सिर्फ 15 पैसा ही पहुंचता है। जबकि आज गरीब कल्याण के लिए दिल्ली से चला एक रुपया गरीब तक बिना किसी परेशानी शत प्रतिशत पूरा का पूरा गरीब के खाते में पहुंचता है।

मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि विगत नौ वर्षो के दौरान देश कि विकास की कार्य योजना मजबूत हुई है और व्यवस्था में सुधार हुआ है। जन कल्याण के क्षेत्र में रोजी, रोटी, चिकित्सा, कपड़ा, मकान जैसी मुलभूत जरुरतों पर सरकार खरी उतरी, वहीं देश के सुरक्षा और सम्मान में भी वृद्धि हुई है। एक समय था जब देश के नेताओं से अमेरिकी राष्ट्रपति मिलने से कतराते थे, वहीं आज राष्ट्रपति और राष्ट्र प्रमुख देश के प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत और सम्मान ही नहीं, बल्कि पांव छूकर अभिवादन कर रहे हैं। देश में इतना बड़ा परिवर्तन हुआ है। केन्द्र सरकार के एक एक कार्यों का विस्तार से वर्णन करते हुए मंत्री ने कहा कि विकास से अछुते पुर्वोत्तर के राज्यों में विकास कि गति तेज हुई, किसान समृद्ध हुआ और तो और देश के गरीब से गरीब को समुचित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिए सरकार द्वारा आयुष्मान भारत का लाभ तथा मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों कि संख्या में भारी वृद्धि हुई है। सड़क, पानी, बिजली,रेल संसाधनों के क्षेत्र में विगत 60-65 वर्षों में जितना कार्य हुआ उससे ज्यादा कार्य मात्र 9 वर्षो में अतुलनीय वृद्धि के साथ हुआ है।



### देश में आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक स्तर पर हुआ अभूतपूर्व परिवर्तन: सांसद सुनील सिंह

**गाजीपुर।** पिछले नौ सालों में देश में आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक स्तर पर एक अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इसका मूल कारण देश में एक सशक्त और मजबूत नेतृत्व है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में हम सबको मिला है। उक्त बातें झारखंड प्रदेश के चतरा लोकसभा के सांसद सुनील कुमार सिंह ने आज मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित सोशल मीडिया संवाद में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा की तकनीक के इस युग में सोशल मीडिया प्लेटफार्म का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जयसवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में विकास की एक नई इबारत लिखी है। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का काम आज भाजपा के आईटी और सोशल मीडिया के कार्यकताओं ने किया है। संगठन कैसे सुचारू और व्यवस्थित चले इसमें भी इनका का महत्वपूर्ण योगदान है। मुझे यह कहने में गुरेज नहीं है कि भाजपा संगठन का यह महत्वपूर्ण अंग है। भाजपा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि की 2014 से लेकर 2023 के मध्य भारतीय जनता पार्टी को केंद्र तथा विभिन्न प्रदेशों में मिली जीत में सबसे महत्वपूर्ण योगदान सोशल मीडिया का रहा है और उनसे भी महत्वपूर्ण हमारे सोशल मीडिया के कार्यकर्ता हैं। इन्होंने सरकार की योजनाओं के साथ-साथ विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए उनको निरुत्तर करने का कार्य किया है। कार्यक्रम को जिला प्रभारी अशोक कुमार मिश्रा तथा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी राय ने भी संबोधित किया। सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक कार्तिक गुप्ता ने कार्यक्रम के आयोजन का स्वरूप सबके समक्ष रखा। आईटी विभाग के जिला संयोजक आलोक शर्मा ने उपस्थित अतिथियों तथा वॉलिंटियर्स का स्वागत किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने भाजपा के महामनीषी पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलन कर किया। जिला संयोजक द्वय आलोक शर्मा और कार्तिक गुप्ता, शनि चौरसिया, नीतीश दुबे, दीपक सिंह तथा सोनम शर्मा ने अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर किया। जिले के सर्वश्रेष्ठ चार साइबर योद्धाओं को स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नंदगंज मंडल के अध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा ने किया।




### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण भारत का अनुसरण कर रही दुनिया: जमाल सिद्दीकी

**बलिया।** केन्द्र में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने उपलब्धियां गिनाई। शहर के होटल में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में श्री सिद्दीकी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को पूरी दुनिया अपना रही है। उन्होंने कहा कि मोदी युग में देश की राजनीति में परिवर्तन आया है। जातिवाद, शोषण व गुंडागर्दी को खत्म किया गया है। इसके पहले देश में परिवारवाद था। पीएम मोदी ने देश में एक माहौल बनाया है। जिससे साधारण लोक कार्यकर्ता को भी राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिला है। जमाल सिद्दीकी ने कहा कि मोदी ने पिछले नौ सालों में सरकार को गरीब कल्याण के लिए समर्पित किया है। पहले गरीबी हटाओ का नारा दिया जाता था लेकिन गरीबी नहीं हटती थी। कोरोना काल में भारत की तरफ दुनिया देखती थी। पीएम मोदी ने कोरोना से देश को बचाया। पूरी दुनिया ने कोरोना को लेकर उठाए गए भारत के कदमों को अपनाया है।

कोरोना के समय से 80 करोड़ परिवारों को राशन दिया जा रहा है। इसमें कहीं कोई भेद नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता भी सबकी सेवा में लगे रहे। बीते नौ सालों में कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में सहयोग किया। पीएम स्वनिधि योजना से गरीबों के जीवन में उजाला आया है। वर्तमान में दुनिया भर में महंगाई है। लेकिन भारत में महंगाई नहीं है। यहां पर महंगाई दर महज 6.3 प्रतिशत है। क्योंकि पीएम ने सभी के लिए कार्य किया। सबका साथ लेकर काम किया। न लिंग भेद किया, न जाती भेद किया और न धर्म भेद किया। उन्होंने महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाया। पीएम गरीब के बेटे हैं। उन्हें गरीब का दर्द मालूम है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू व पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी भी थे।

**नौ साल में देश का हुआ कायाकल्प : मस्त-** लोकसभा सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा, नौ साल के मोदी के कार्यकाल में देश का कायाकल्प हुआ है। 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने देश की संसदीय राजनीति में भरोसे का संकट दूर किया है। गांव, गरीब व किसान की चिंता मोदी ने की। अपनी सांसद निधि का हिसाब देते हुए कहा कि चार साल में जिला लोकसभा क्षेत्र के अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगा है। जगह-जगह सत्संग भवन बनाए गए हैं। ऐतिहासिक भृगु मन्दिर के कॉरिडोर का कार्य शुरू हुआ है। कहा कि इसके पहले जिले में सड़कों का अभाव था। भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत सड़कें बनवाई जा रही हैं। यूपी का पहला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बलिया में बन रहा है।गांवों को जोड़ने के लिए लिंक रोड भी बन रहे हैं।

## एक नजर

### टोटो को बचाने में आयुष राज्यमंत्री का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे लोग



**गाजीपुर।** वाराणसी से बलिया जाते समय तलवल मोड़ के पास शुक्रवार को आयुष राज्यमंत्री के काफिले के आगे टोटो आ जाने से आगे चल रही स्कोर्ट ने टोटो को बचाने में ब्रेक लगाया। इसके साथ ही स्कोर्ट मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्रा की गाड़ी इनोवा में जा घुसी। गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मंत्री सहित सभी लोग बाल-बाल बचे।टोटो चालक टोटो लेकर मौके से फरार हो गया। टक्कर के बाद लोगों की भीड़ लग गई। दोनों गाड़ियों को वहीं मौके पर छोड़कर मंत्री का काफिला साथ में चल रही दूसरी गाड़ी से आगे बलिया के लिए रवाना हो गया।

### दो गांवों में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी गई समस्याएं, किया गया समाधान

**गाजीपुर।** जनपद में गांवों के विकास को गति देने के लिए प्रत्येक शुक्रवार को दो गांवों में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा। इसी क्रम में मरदह ब्लाक के पांडेयपुर राधे व डोड़सर गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाया गया। जिसमें सहायक विकास अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने कहा कि गांवों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास? है। राज्य के विकास इंजन के रूप में गांवों के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। इसका असर धरातल पर जल्द दिखाई देगा। ग्राम चौपाल इसी श्रृंखला का हिस्सा है। सरकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए पहल कर रही है।पांडेयपुर राधे गांव में चौपाल के माध्यम से चार मामले सामने आए। जिसका निराकरण किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत में रोशनी, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, जल निकासी चैनल, सड़क, लिंक रोड, विद्यालय भवन, विद्यालय संचालन, एमडीएम, सिंचाई व्यवस्था (नहर/नलकूप), संचारी रोग, टीकाकरण, चौपाल में राशन वितरण, उज्वला गैस कनेक्शन, हर घर में नल से जलापूर्ति, आंगनबाड़ी व एएनएम केंद्रों का निरीक्षण, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन व छात्रवृत्ति का सत्यापन भी किया गया। इस मौके सचिव राजेंद्र यादव, प्रधान सतीश कन्नौजिया, शिवम कन्नौजिया, हरिद्वार, कल्पनाथ आदि मौजूद रहे। इस मौके पर एडीओ आईएसबी मयंकधर राय, सचिव अवधेश खरवार, प्रधान महेन्द्र राम, स्मृता गौतम, अमरनाथ यादव, उपेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### धान, गेहूं की खरीद पूरी पारदर्शिता के आधार पर की जाए, बैठक में प्रस्ताव स्वीकृत

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत युसूफपुर सहकारी क्रय विक्रय समिति के संचालक मंडल की बैठक शुक्रवार को समिति कार्यालय में हुई। जिसमें कई महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। बैठक में बहु - राज्य सहकारी समिति अधिनियम 2002 के अन्तर्गत पंजीकृत भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड की सदस्यता प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। समिति स्तर पर नकद तहबील की अधिकत्तम सीमा 10000 रुपये तय की गई और कहा गया कि समिति में उर्वरक बिक्री आदि का पैसा उसी दिन बैंक में जमाकर दिया जाए और लेन -देन चेक, ड्राफ्ट और डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से किया जाए। यह किसानों की संस्था है। इसलिए किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान, गेहूं की खरीद पूरी पार्दर्शिता के आधार पर की जाए तथा किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष अनिल कुमार राय मुन्ना, सतीशचंद्र राय, अखिलेश सिंह यादव, रविशंकर राय, राजीव कुमार राय, केदार चौरसिया एवं शासन द्वारा नामित संचालक धनेसर बिन्द एवं लेखाकार शिवलाल आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन संस्था के सचिव एडीसीओ राधेश्याम सिंह और अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष आनन्द कुमार त्रिपाठी ने किया।

### मऊ के दो खिलाड़ी लंदन में आयोजित आर्सलैन यूथ फुटबॉल कप में प्रतिभाग के लिए रवाना



**मऊ।** जनपद मऊ के दो फुटबाल खिलाड़ी मो नदीम एवं आयुष राजभर लंदन में आयोजित आर्सलैन युथ फुटबाल कप के फाइनल मैच भाग लेने हेतु लंदन रवाना हो गये हैं। यह जानकारी जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने दी। उन्होंने बताया कि ये दोनों खिलाड़ी बलिया मोड़ पर स्थित डा0 भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में हमारे मार्गदर्शन में अभ्यास करते थें। मो0 नदीम का चयन गत वर्श फुटबाल छात्रावास, अयोध्या में हुआ था। आयुष राजभर का चयन उत्तराखण्ड की कार्बेट एफ.सी. क्लब के लिए हुआ है। ये दोनों खिलाड़ी उत्तराखण्ड की फुटबाल टीम से आर्सलैन युथ फुटबाल लीग कप के फाइनल राउण्ड में गोवा खेलने के लिए गये। वहॉ पर भारतवर्श की दो टीमें लन्दन के लिए क्वालीफाई हुई। जिसके अन्तर्गत उत्तराखण्ड एवं मणिपुर की टीम के मध्य लन्दन में फाइनल मैच खेला जायेगा। जिसमें ये दोनों खिलाड़ी उत्तराखण्ड की टीम से खेलेंगे। मो0 नदीम जनपद के नवापुरा एवं आयुश राजभर बलिया मोड़ मऊ के रहने वाले है। इस प्रतियोगिता से इन खिलाड़ियों का चयन आर्सलैन कप की एकेडमी के लिए भी होने की संम्भावना है। इन दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर क्रीड़ा अधिकारी स्पोर्ट्स स्टेडियम के सभी प्रषिक्षक, आनन्द सिंह सचिव, जिला ओलम्पिक संघ, हाजी मुनौवर अली सचिव, जिला फुटबाल संघ ओमेन्द्र सिंह, अध्यक्ष जिला हॉकी संजय कुमार सिंह, साबिर खान, अवनीष कुमार सचिव, जिला कबड्डी संघ, प्रमोद राय, उपाध्यक्ष जिला वालीबाल संघ, सहित सभी खेल के खिलाड़ियों एवं अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### बच्चों को सम्पत्ति दें या न दें किन्तु उत्तम संस्कार अवश्य दें: साध्वी निरंजन ज्योति

**सिकन्दरपुर।** सुप्रसिद्ध प्राचीन श्री वनखण्डीनाथ (श्रीनागेश्वरनाथ महादेव) मठ परिसर डूहां में प्रोटोकाल के अनुसार, केन्द्रीय राज्य मन्त्री साध्वी निरंजन ज्योति जी का पावन पदार्पण गुरुवार को हुआ। यहां आते ही वे यज्ञमण्डप पहुंचीं। वैदिक विधान से हो रहे पूजन, अर्चन, हवनादि से काफी प्रसन्न हुईं तथा सामूहिक यज्ञोपवीत वाले बटुकों को उन्होंने आशीर्वाद दिया। ततः शिष्टाचार बाद द्वादश ज्योतिलिंगों सहित श्री वनखण्डीनाथ जी की समाधि, शिवालय एवं महाशक्ति दरबार का दर्शन कर सीधे मञ्च पर पहुँचीं। वहाँ उनको पुष्पगुच्छ, पुष्पमाला तथा अंगवस्त्रों से सम्मानित किया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र सिंह ने वाचन कर उनको शुभाभिनन्दन पत्र अर्पित किया। इस अवसर पर साध्वी जी ने अपने वैदुष्यपूर्ण वक्तव्य में नदियों को माँ की उपमा दी। कहा कि सन्तवाणी समझ में आये या न आये किन्तु श्रोता को प्रभावित करती ही है। सत्संग का रसपान कर लिया तो तीर्थजल पीने या न पीने से क्या ? सत्कर्म करते जीने की इच्छा करनी चाहिए।

## चार युवकों ने युवती से किया जबरदस्ती का प्रयास, पुलिस हिरासत में दो आरोपी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

◆ पहाड़पुर गांगी नदी के रास्ते घर जाने के दौरान युवकों ने अपहरण करने का किया प्रयास

नंदगंज थाने के एक गांव निवासी युवती के साथ चार युवकों द्वारा छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस कुछ लोगों को पकड़कर थाने लाई है। जबकि पुलिस घटना की जानकारी से इंकार कर रही है।

बृहस्पतिवार की शाम पहाड़पुर गांगी नदी के रास्ते एक युवती अपने घर जा रही थी। तभी पुराने पुल के पास नशे में चूर ताड़ी पी रहे कुँवरपुर निवासी चार मनबढ़ युवकों ने युवती से छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। जब युवती ने उनका विरोध किया, तो मनबढ़ों ने उसको पकड़ लिया और जबरदस्ती खेत की ओर ले जाने लगे। काफी गुत्थमगुत्थी के बाद युवक जब सुनसान जगह पर ले जाने में असमर्थ हुए तो धमकाकर युवती को गाड़ी पर बैठाकर भागने लगे। अभी कुछ दूर ही पहुंच पाए थे कि साहसी युवती ने सभी से लड़-भिड़कर उनके चंगुल से बाहर निकलकर भागते हुए अपने घर पहुंची। घर पहुँचकर उसने परिजनों को अपनी सारी आप बीती बताई। जानकारी होते ही परिजनों ने घटना की शिकायत नंदगंज थाने में जाकर की। लोगों ने बताया कि इतनी बड़ी और घृणित घटना को नंदगंज पुलिस दबाने में लगी है। साथ ही मामले में सुलह कराने के प्रयास कर रही है। घटना के संबंध में नंदगंज थानाध्यक्ष कमलेश पाल से पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसी कोई घटना हमारे संज्ञान में नहीं है। जबकि परिजनों की शिकायत पर दो लोगों को थाने में बैठाया गया है। पुलिस के दबाव में अब युवती के परिजन भी सुलह समझौते की बात चाह रहे हैं।

### छात्रवृत्ति की मांग को लेकर छात्रों ने किया सत्याग्रह,सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** छात्रवृत्ति संबंधित मांग को लेकर छात्रों तथा छात्र नेताओं ने बलिया कलेक्ट्रेट परिसर में सत्याग्रह करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। छात्र नेताओं ने कहा कि छात्रों के शैक्षणिक उन्नयन हेतु छात्रों को शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति नियमित दी जाती रही है। जिससे छात्रों को अपने अकादमिक अध्ययन को अग्रसर करने में आर्थिक संबल मिलता रहा है। लेकिन विगत वर्षों की तरह इस सत्र 2022 -23 में 83 लाख 62 हजार 85 छात्रों ने छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया है। जिसमें मात्र 21 लाख 66 हजार छात्रों के ही खाते में आधी अधूरी छात्रवृत्ति का धन आया है। छात्र नेताओं ने कहा 9 लाख 23 हजार 669 छात्रों को दस्तावेजी तौर पर अयोग्य घोषित कर दिया गया। जिसकी वजह से करीब 70 प्रतिशत छात्र इस वर्ष भी छात्रवृत्ति से वंचित रह गए हैं।

## मऊ से फर्जी खनन अधिकारी गिरफ्तार खनन करनेवालों से करता था वसूली

**केटी न्यूज/मऊ**

मऊ के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के खिरीबाग चौकी अंतर्गत साबरी मस्जिद के पास से एक फर्जी खनन अधिकारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि उक्त फर्जी खनन अधिकारी का नाम दयासागर यादव है वह एक सप्ताह से शहर के एक विवादित होटल राधाकृष्णा में रुककर मीडिया को बुलाकर अपने को 3 जोन का जोनल अधिकारी बताया था। तथा कहता था कि वह केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया गया है।और तीन जोन का हेड है।

मजे की बात यह है कि वह जनपद के आला अधिकारियों को भी अपने विस्वास में लेकर खनन करने वालों से वसूली करता था। जिसके कारण विगत दिनों से खनन विभाग से लेकर खनन करने वालों में हड़कंप



मचा हुआ था। हांलांकि उसकी गतिविधियों शुरू से ही संदिग्ध बनी हुई थी पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के नेतृत्व में अपराध अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान फर्जी खनन अधिकारी को धर दबोचा गया पुलिस ने बताया कि साबरी मस्जिद के सामने मुख्य मार्ग पर चेकिंग के दौरान नीली बत्ती लगी एक चारपहिया वाहन अर्टिगा (यूपी54एएस 2398) को रोककर चेक किया गया तो वाहन में बैठे व्यक्ति द्वारा अपना नाम दयासागर यादव पुत्र सीतराम निवासी लक्ष्मी पट्टी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर बताया गया तथा यह भी बताया गया कि वह डिप्युटी जोनल हेड आफ माईंस है। तथा वह यहां पर खनन से सम्बन्धित सर्वेक्षण के लिये आना बताया गया एवं उक्त वाहन प्राइवेट हायर की गयी बताया गया। उक्त द्वारा दिखाये गये दस्तावेजों की जांच की गई तो फर्जी पाये गये। तलाशी के दौरान उक्त के कब्जे से 02 मोबाईल फोन में लगे 04 सिम तथा वाहन के सीट पर फाइल कवर में रखे विभिन्न प्रकार के आधार कार्ड, निवास, जाति५ प्रमाण पत्र व एजुकेशनल प्रमाण पत्र की छायाप्रति इत्यादि बरामद हुये।

### सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त और जिला अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने किया पीएम स्वनिधि योजना महोत्सव का शुभारंभ

# पीएम स्वनिधि योजना पटरी व्यवसायियों के लिए वरदान: सांसद

**केटी न्यूज/बलिया**

पीएम स्वनिधि योजना महोत्सव का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त और जिला अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने पटरी व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना प्रधानमंत्री मोदी की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसका लाभ कोरोना काल में अपने व्यवसाय को खो चुके पटरी व्यवसायियों को मिला।



उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान बहुत से पटरी व्यापारियों ने अपने व्यवसाय से हाथ धो दिया क्योंकि महामारी को देखते हुए सभी चीजों पर रोक लगा दी गई थी। प्रधानमंत्री ने छोटे व्यापारियों की इस दुख को समझा और उसे दूर करने के लिए पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत की। इस योजना से बहुत से पटरी व्यापारियों को लाभ प्राप्त हुआ और उन्होंने फिर से अपने व्यवसाय को न केवल शुरू किया बल्कि आर्थिक उन्नति भी की। उनकी बात को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कहा कि इस योजना से पटरी व्यापारियों को दस हजार की ऋण सुविधा मुहैया कराई जाती है। समय से अपनी किस्त जमा करने पर उन्हें आगे बीस हजार और पचास हजार तक का ऋण मिल जाता है जिससे वह अपने व्यापार को और बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में डिजिटल माध्यम से अधिक ट्रांजैक्शन करने वाले पटरी व्यापारियों को जिलाधिकारी और सांसद के हाथों प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

**जिलाधिकारी ने की स्वास्थ्य विभाग की सराहना:** स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के 14 इंडिकेट्रों के आधार पर राज्य स्तर से हेल्थ डैश बोर्ड तैयार किया जाता है जिसके आधार पर जनपद की रैंक बनती है। जनपद बलिया की रैंक माह में फरवरी में 74 थी, मार्च में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार द्वारा अत्यंत नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया था कि स्वास्थ्य विभाग पिछड़े हुए इंडिकेट्रो पर विशेष ध्यान दें। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी अधीक्षक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की जाए और जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा समीक्षा कराई जाए।